Headline: NSE quiz sees participation of 140,000	
Source: Hindustan	**Date:** 07 February 2016

छात्रों में वित्तीय समझदारी बढ़ा रहा एनएसई

मुंबई। भारत के प्रमुख शेयर बाजार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के फाइनेंशियल क्वेस्ट कार्यक्रम से देश के 225 स्कूलों के करीब 1.4 लाख छात्र लाभान्वित हुए हैं। एनएसई ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

बच्चों को वित्तीय साक्षर बनाने के उद्देश्य से एनएसई इस कार्यक्रम के माध्यम से देशभर के स्कूली बच्चों से संपर्क करता है। एनएसई ने बताया कि पांचवे सत्र में इस साल देशभर के 225 स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। एक अनुमान के अनुसार, अब तक आठवीं और नौंवी कक्षा के करीब 1.4 लाख छात्रों ने फाइनेंशियल क्वेस्ट कार्यक्रम में सीधी भागीदारी की है। इस कार्यक्रम के तहत छात्रों को कई प्रोजेक्ट पूरे करने के लिए दिए गए थे। आठवीं के लिए प्रोजेक्ट था 'मेरा नायक'।